>

Title: Need to promote animal husbandry in the country to generate employment.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा): व्यक्ति हो या परिवार अथवा देश, सभी के लिए आवश्यक है कि वह प्रगति पथ पर निरंतर बढ़ता चले किंतु यह तभी संभव है जब वह अपने संसाधन, क्षमता और आवश्यकता को ध्यान में रखकर प्रगति पथ का चयन करे। आज के हिंदुस्तान का अकुशल श्रमिक वर्ग देश की एक बड़ी सामर्थ्य है, और साधन है नवजवान का पसीना, और जरूरत है अधिक से अधिक रोजगार के अवसर। भारत में पशुपालन हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। इसमें देश के असंगठित क्षेत्र के असंख्य लोगों को सदैव रोजगार के अवसर उपलब्ध रहते हैं।

देश के अकुशल श्रमिक वर्ग के लिए पशुपालन व्यवसाय खरा उतरता है। अतः सरकार से मेरा आग्रह है कि देश में पशुपालन व्यवसाय को व्यापक तौर पर प्रोत्साहित करके देश के सकल घरेलू उत्पाद में इस व्यवसाय की भागीदारी बढ़ाएं तथा सरकार से मेरी मांग है कि वो देश के प्रत्येक जिले में पशु चिकित्सालय का निर्माण कराएं तथा पशुपालन विश्वविद्यालयों की स्थापना हेतु कदम उठाने की कृपा करें।